आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को अपनी स्वीकृति दे दी है।
2. द्वीपसमूह में होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग, ने प्रशासन के सहयोग से एक अभिविन्यास–सह– संवाद कार्यक्रम आयोजित किया ।
3. शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आंतकवाद पीड़ितों के जीवनसाथी और बच्चों के लिए इस वर्ष चार एम.बी.बी.एस की सीटें आरक्षित किए गए है।
4. श्री विजयपुरम में 25 अगस्त सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस अधिनियम का उद्देश्य ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करना है, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाना है। कल, संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इस अधिनियम में इस क्षेत्र के समन्वित नीतिगत समर्थन, नीतिगत विकास और नियामक निगरानी के लिए एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की नियुक्ति का प्रावधान है। इस अधिनियम का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और गोपनीयता संबंधी प्रभावों से बचाना है। इस अधिनियम में ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश, संचालन या सुविधा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी प्रावधान है। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए 46 उम्मीदवारों ने 68 नामांकन भरे हैं। इनमें से 19 उम्मीदवारों द्वारा भरे गए 28 नामांकन पत्र राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 के तहत खारिज कर दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के चुनाव अधिकारी कार्यालय और राज्यसभा के महासचिव ने एक वक्तव्य में बताया कि 27 उम्मीदवारों के 40 नामांकनों की कल जांच की गई। उपराष्ट्रपति चुनाव पद के लिए चुनाव अगले महीने की नौ तारीख को होगा। एनडीए ने श्री सी पी राधाकृष्णन को और विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

श्री जगदीप धनखड के स्वास्थ्य कारणों से पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से त्याग पत्र के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वां उपराष्ट्रपति चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में होम स्टे को और बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग, ने प्रशासन के सहयोग से कल आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में पंजीकृत होम स्टे मालिकों के लिए एक अभिविन्यास–सह–संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पर्यटन की आयुक्त–सह–सचिव, चंचल यादव, मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम में पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी, निदेशक अजहरुद्दीन ज़हीरुद्दीन क़ाज़ी, और होम स्टे मालिक उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए, आयुक्त–सह–सचिव ने कहा कि होम स्टे बुक करने वाले पर्यटक सिर्फ़ आवास ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक अनुभव, स्थानीय व्यंजन और स्थानीय लोगों के साथ सार्थक बातचीत चाहते हैं। उन्होंने कहा, "हमें इस जगह से जुड़े अपने पर्यटकों को मिलने वाले अनोखे अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत है, ताकि वे बार–बार यहाँ आने के लिए प्रेरित हों।" पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम पर्यटन विभाग की पहली पहल है जिससे सभी होम स्टे मालिकों को एक मंच पर लाया जा सके ताकि उनकी समस्याओं को सुना जा सके। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग एक नई, आकर्षक वेबसाइट विकसित कर रहा है जहाँ सभी होम स्टे एक समर्पित पृष्ठ पर प्रदर्शित किए जाएँगे। जिससे होम स्टे मालिकों को पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर आने वाले पर्यटकों के बीच अपनी पहुँच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><>

आंतकवाद पीड़ितो के जीवनसाथी और बच्चों के लिए इस वर्ष चार एम बी बी एस सीटें आरक्षित की गई हैं। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए ये सीटें देश के तीन मेडिकल कॉलेजों– गया के ए.एन मगध मेडिकल कॉलेज, मुम्बई के ग्रान्ट मेडिकल कॉलेज और रायपुर के पंडित जे.एन.एम मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध होगी। गृह मंत्रलाय ने बताया है कि इन कॉलेजों के प्राथमिकता उन बच्चों को दी जाएगी जिनके माता पिता या परिवार के कमाने वाले सदस्य आंतकवादियों की अंहिसा के शिकार या जिनके अभिभावक स्थायी रूप से दिव्यांग या गंभीर रूप से घायल हुए हो। सीटों का आबंटन नीट परीक्षा की मैरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अटठाईस अगस्त तक अपने आवेदन श्री विजयपुरम स्थित सचिवालय में जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु और न्यायमूर्ति गौरांग कांत मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर  खेल एवं युवा मामले विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया। पुरुषों की स्पर्धा में 5 टीमों ने जबकि महिलाओं की स्पर्धा में 2 टीमों ने भाग लिया। भातूबस्ती स्कूल के मैदान में आयोजित इस खेल का उद्‌घाटन प्रधानाचार्य श्री जे. दासन पुष्पराज ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल भावना एवं निष्पक्ष खेल को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पुरुषों की हॉकी नॉकआउट टूर्नामेंट में, बरगद लाइन टीम और गराचरमा टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें गराचरमा टीम ने जीत हासिल की। जबकि महिला हॉकी नॉकआउट में, राज्य क्रीड़ा परिषद और जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के बीच खेले गए फाइनल मैच में, राज्य क्रीड़ा परिषद विजयी रही।

<><><><><><><>

प्रशासन के पर्यावरण विभाग ने शहीद द्वीप के निवासियों से समुद्री रेत संग्रहण हेतु परमिट जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदक के पास वैध भूमि दस्तावेज़ अनिवार्य होना चाहिए, जो सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। आवेदन शहीद द्वीप वन विभाग कार्यालय में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच जमा किए जा सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 8 सितंबर है।

<><><><><><><>

डाइट गारचरमा में डी ई एल एड पाठ्‌यक्रम में प्रवेश के लिए विभिन्न श्रेणियों में खाली पड़ी सीटों के लिए दूसरा परामर्श छब्बीस अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों से कहा गया है कि मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

सामाज कल्याण निदेशालय, की ओर से उद्योग विभाग के सम्मेलन कक्ष में दत्तक ग्रहण पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय अभिविन्यास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दत्तक ग्रहण नियमों के विभिन्न चरणों में परामर्श, बाल कल्याण समितियों की भूमिका, राज्य–विशिष्ट मुद्दों, क्षमता

निर्माण हेतु बच्चों की पहचान और समन्वय के माध्यम से दत्तक ग्रहण प्रणाली को मजबूत करना था। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, CWCs जिला बाल संरक्षण इकाइयों, बाल देखभाल संस्थानों, विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियों और स्वास्थ्य निदेशालय के अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग, ने दिव्यांगजनों से जुड़े विभिन्न मुद्दों से निपटने के लिए दिव्यांगजन आयुक्त के पद के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक उम्मीदवारों आवेदन पत्र समाज कल्याण निदेशालय अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट andamannicobar.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। भरे हुए आवेदन समाज कल्याण निदेशालय में बाईस सितम्बर तक जमा किए जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से पच्चीस अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जंगलीघाट में आयोजित ये शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>